दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 09 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 14

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रबी फसल से पूर्व गुण नियंत्रण अभियान के तहत नकली उर्वरक के 314 बैग जब्त

**जयपुर (आरएनएस)।** कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध करवाने और कालाबाजरी एवं नकली उर्वरकों पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा रबी व खरीफ फसलों की बुआई से पहले प्रत्येक वर्ष विशेष गुण नियंत्रण अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत अलवर में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए आस मोहम्मद पुत्र मलखान ग्राम झाडोली ग्राम पंचायत घाटला के घर से नकली डीएपी खाद के 84 बैग इफको मार्का के और 230 बैग बिना मार्का के भरे हुए मिले व 15 खाली बैग इफको मार्का के और 60 खाली बैग बिना मार्का के जब्त किये गये। नकली उर्वरक के सैम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाये गये हैं। निरीक्षकों द्वारा आस मोहम्मद पुत्र मलखान के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज

### दो साल से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**नदबई (आरएनएस)।** भरतपुर में पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो लगभग दो साल से फरार था। गिरफ्तार आरोपी अमरचंद बघेल, जो चिकसाना पिडयाली का निवासी है, फर्जी पुलिस सीओ बनकर इलाके में घूम रहा था। पुलिस ने बताया कि अमरचंद पर आरोप है कि उसने लोगों को पुलिस में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी की। इस मामले में सरोज नामक एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने उसे लगभग 5.50 लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ करीब दो साल पहले नदबई में दर्ज किए गए ठगी के मामले की जांच के तहत यह कार्रवाई की। पुलिस अब ठगी की अन्य घटनाओं को लेकर भी आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस गिरफ्तारी ने इलाके में सुरक्षा को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ाया है, और पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे मामलों की सूचना तुरंत दें।

### जम्मू-कश्मीर में खुला आप का खाता, मेहर मलिक ने जीती डोडा सीट

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू और कश्मीर में आम आदमी पार्टी ने एक विधानसभा सीट जीत ली है। पार्टी प्रत्याशी मेहराज मलिक ने डोडा सीट पर भाजपा उम्मीदवार गजय सिंह राणा को करीब 4,000 वोटों से हराया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस जीत पर खुशी जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा, डोडा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मेहराज मलिक द्वारा बीजेपी को हराकर शानदार जीत हासिल करने के लिए बहुत बहुत बधाई, आप बहुत अच्छा चुनाव लड़े। पांचवें राज्य में एमएलए बनने पर पूरी आम आदमी पार्टी को बधाई। 36 साल के मेहराज मलिक काफी समय से आप से जुड़े हुए हैं। वह 2021 में डीडीसी का चुनाव जीते थे और आप के जम्मू कश्मीर में निर्वाचित प्रतिनिधि बने थे। डोडा के चुनावी मैदान में उतरे मेहराज मलिक ने पीजी तक पढ़ाई की है।

## उमर अब्दुल्ला होंगे जम्मू-कश्मीर के नए सीएम, नौशेरा में हार के बाद रविंद्र रैना ने बीजेपी अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**श्रीनगर । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को बहुमत प्राप्त हुआ है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने इस जनादेश के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की है कि उमर अब्दुल्ला राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने अपने वोट के माध्यम से यह संदेश दिया है कि वे 5 अगस्त 2019 के फैसले (धारा 370 हटाने) को स्वीकार नहीं करते हैं।

फारूक अब्दुल्ला ने बेरोजगारी, महंगाई और नशे के कारोबार के खिलाफ कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया। उमर अब्दुल्ला ने बडगाम और गांदरबल दोनों सीटों पर जीत हासिल की है, जिससे नेशनल कॉन्फ्रेंस चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इस चुनाव में बीजेपी ने 29 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस के खाते में 6 सीटें आई हैं। महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती को हार का सामना करना पड़ा।

रविंद्र रैना ने जम्मू कश्मीर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

रविंद्र रैना ने जम्मू कश्मीर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है वो नौशेरा से बीजेपी प्रत्याशी थे वहां पर हार के बाद रविंद्र रैना ने इस्तीफा दिया है। बता दें कि रविंद्र रैना नौशेरा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और उन्होंने रिजल्ट से पहले खुद की जीत का भी ऐलान कर दिया था पर परिणाम अब उनके पक्ष में नहीं आए। वहीं काउंटिंग से पहले रविंद्र रैना ने यह भी दावा किया था कि कश्मीर में कम से कम 15-16 निर्दलीय उम्मीदवार ऐसे हैं, जो जीतने के बाद भाजपा को अपना समर्थन देंगे और कहा था कि जम्मू-कश्मीर में दैवीय शक्तियों की जीत होंगी। गौर हो कि आर्टिकल 370 हटाए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटे जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव हुए। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव कराए गए थे। सभी सीटों के लिए मंगलवार 8 अक्टूबर को मतगणना हुई।

यह चुनाव 2014 के बाद पहली बार हुए हैं, जब बीजेपी और पीडीपी के गठबंधन के बाद से राज्य में कोई चुनाव नहीं हुआ था। पिछले चुनावों के बाद, केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाकर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया।

वर्तमान चुनाव में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। अब तक 90 में से 89 सीटों के परिणाम आ चुके हैं, जिसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस 41 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है। आम आदमी पार्टी (ऑक्क) ने भी इस चुनाव में सफलता पाई है, जहाँ उनके उम्मीदवार मेहराज मलिक ने डोडा सीट पर जीत दर्ज की है।

## कांग्रेस ने खटखटाया चुनाव आयोग का दरवाजा, रिजल्ट अपडेट्स को लेकर शिकायत

**नई दिल्ली । आरएनएस**




हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना के बीच कांग्रेस ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि आयोग अपने अधिकारियों को वेबसाइट को सच्चे और सटीक आंकड़ों के साथ अपडेट करने के लिए तत्काल निर्देश जारी करे ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण बयानों का तुरंत मुकाबला किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रक्रिया मतदाताओं के अधिकारों का हनन कर रही है और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रही है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय व्यक्त की।

उन्होंने कहा, ये ट्रेंड बदलेगा, चुनाव आयोग की वेबसाइट डेटा अपडेट नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, हम ज्ञापन पेश करके शिकायत कर रहे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि आयोग हमारे सवालों का जवाब दे क्योंकि 11-12 राउंड के नतीजे आ चुके हैं लेकिन जो अपडेट किया गया है उसमें केवल 4 से 5 राउंड के नतीजों को दिखाया जा रहा है। ऐसा लोकसभा चुनाव में भी हुआ था, हम उम्मीद करते हैं की चुनाव आयोग जो एक संवैधानिक संस्था है, निष्पक्ष संस्था है वो प्रशासन पर दबाव न बनाए, हताश होने की कोई जरूरत नहीं है, निराश होने की जरूरत नहीं है। ये सब माइंड गेम है, हमें जनादेश मिलने वाला है, कांग्रेस की सरकार बनने वाली है।

## ट्रेनी डॉक्टर का नहीं हुआ था गैंगरेप, संजय रॉय ने अकेले ही वारदात को दिया था अंजाम; सीबीआई ने चार्जशीट में बड़ा खुलासा

**कोलकाता । आरएनएस**



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में एक नया मोड़ आया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

बता दें, 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में महिला डॉक्टर के साथ यह भयानक घटना हुई थी। हालांकि, शुरू में पुलिस ने इस मामले को आत्महत्या का मामला बताने की कोशिश की थी. लेकिन, बाद में जब मामला विवादों में आया तो पता चला कि डॉक्टर के साथ बलात्कार किया गया था।

सीबीआई के अनुसार, संजय रॉय अस्पताल में स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करता था। आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा है कि रॉय ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया था। हालांकि, जांच एजेंसी इस मामले में अभी भी जांच कर रही है।

इस बीच, ट्रेनी डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के लिए शनिवार शाम से आरजी कर अस्पताल में डॉक्टरों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पश्चिम बंगाल की 'ममता सरकार' ने उनकी मांगें पूरी नहीं कीं। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा, ममता सरकार समय सीमा के भीतर हमारी मांगें पूरी करने में विफल रही, इसलिए हम अपनी मांगें पूरी होने तक आमरण अनशन शुरू कर रहे हैं।

## ईडी ने झारखंड में डीटीओ-सीओ समेत कई के ठिकानों पर मारा छापा, कैश बरामद

**रांची । आरएनएस**



झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम ने रांची और धनबाद में डीटीओ और सीओ समेत कई के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने छह करोड़ की वसूली के मामले में यह कार्रवाई की है।

टीम ने धनबाद के एक वकील के साथ धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, जय कुमार राम, प्रभात भूषण, रवि पांडेय, सुजीत और रवि के ठिकानों पर छापेमारी की है। ये कार्रवाई पंडरा थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई है।

मंगलवार को ईडी की टीम धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद के देव विहार स्थित आवास पर पहुंची और यहां से भारी मात्रा में कैश बरामद किया। छापेमारी के दौरान बाहरी लोगों के अपार्टमेंट में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मामले में उनसे पहले भी कई बार पूछताछ हो चुकी है।

दरअसल, मामले में एक कारोबारी और वकील ने एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए रांची के पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जमीन कारोबारी संजय पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता सुजीत कुमार सिंह पर छह करोड़ रुपए ठगने का आरोप लगाया था।

अधिवक्ता का कहना था कि पैसे नहीं लौटाने पर जमीन कारोबारी ने उनका अपहरण कर लिया था और किसी तरह वे उसके चंगुल से छूटे। इसके बाद पंडरा थाने में मामला दर्ज कराया। उन्होंने केस में कारोबारी संजय पांडेय, सीओ प्रभात भूषण और दिवाकर द्विवेदी समेत तीन सीओ को आरोपी बनाया है।

जमीन कारोबारी संजीव पांडेय ने अधिवक्ता सुजीत सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने ईडी पर पकड़ के नाम पर जिन लोगों के नाम ईडी के रडार पर हैं, उन्हें बचाने के नाम पर छह करोड़ रुपए लिए। उन्होंने मुझे, कांके के पूर्व सीओ प्रभात भूषण, दिवाकर तथा अन्य को ईडी की गिरफ्त से बचाने के एवज में यह राशि ली। रुपए लेने के बाद भी उन्होंने हमारा काम नहीं किया। उनसे रुपए वापस लेने के लिए हमलोग अधिवक्ता को साथ ले गए थे, इस बाबत उन्होंने पंडरा ओपी में केस दर्ज कराया है।

## प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने वायुसेना दिवस पर वायु योद्धाओं को दी बधाई

**नई दिल्ली । आरएनएस**



8 अक्टूबर भारतीय वायुसेना के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। आज के दिन ही साल 1932 में भारतीय वायुसेना की स्थापना हुई थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वायु सैनिकों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमारे बहादुर वायु योद्धाओं को वायुसेना दिवस की बधाई। हमारी वायु सेना को उनके साहस और व्यावसायिकता के लिए सराहा जाता है। हमारे देश की रक्षा में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इस अलावा, पीएम मोदी ने नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी का वंदन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, नवरात्रि की षष्ठी पर मां कात्यायनी का विशेष वंदन! माता के आशीर्वाद से उनके सभी भक्तों के जीवन में शक्ति, सामर्थ्य और साहस का संचार हो, यही प्रार्थना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, भारतीय वायुसेना दिवस पर भारतीय वायुसेना के जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे वायु योद्धाओं की वीरता आसमान में गूंजती रही है, जिन्होंने अपने साहस, देशभक्ति और बलिदान से हर पल हमारे देश की संप्रभुता की रक्षा की है। राष्ट्र के सम्मान की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को नमन।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) दिवस पर सभी साहसी वायु योद्धाओं और उनके परिवारों को बधाई। आईएएफ साहस, वीरता और व्यावसायिकता का पर्याय है। उन्होंने हमेशा हमारे आसमान को सुरक्षित रखा है और संकट के समय में उनकी सेवा के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। भारत को अपने वायु योद्धाओं पर गर्व है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, वायुसेना दिवस पर भारतीय वायुसेना के वीर जवानों और वीरांगनाओं को मेरा हार्दिक सम्मान। आपका अटूट समर्पण हमारे आसमान को सुरक्षित और हमारे हौसलों को ऊंचा रखता है। हम आपकी निस्वार्थ सेवा और बलिदान के हमेशा ऋणी रहेंगे। जय हिंद

## कैब लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, गोली लगने से तीन बदमाश हुए घायल

**ग्रेटर नोएडा । आरएनएस**



ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच दिन निकलते ही मुठभेड़ हो गई और इस दौरान तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक लूटी गई कैब और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। यह लुटेरे कैब लूट के मामले में वांछित चल रहे थे।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि आज 8 अक्टूबर को थाना सूरजपुर पुलिस देवला कट पर चैकिंग कर रही थी। तभी सामने से एक स्विफ्ट कार आती हुई दिखाई दी। जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार सवार पक्षी विहार देवला की ओर भागने लगे। पुलिस के पीछा करने पर कार सवार व्यक्तियों ने जब खुद को पुलिस से घिरा हुआ पाया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही की। जिसमें तीन बदमाश अश्विनी उर्फ चीकू, प्रिंस पुत्र जितेंद्र और शशांक तीनो के पैर में गोली लगी है। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया है कि इन बदमाशों के कब्जे से तीन तमंचे .315 बोर, 3 खोखा कारतूस, 6 जिंदा कारतूस व सूरजपुर थाना क्षेत्र से लूटी गयी स्विफ्ट कार बरामद हुई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। इन बदमाशों ने 6 अक्टूबर को खोदना खुर्द थाना क्षेत्र सूरजपुर से कैब लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद से ही पुलिस इनको लगातार पकडऩे का प्रयास कर रही थी पुलिस की कई टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ साथ इनको ट्रैक करने की कोशिश कर रही थी।

## चेन स्नेचिंग गिरोह के तीन बदमाश अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

**मधेपुरा । आरएनएस**

मधेपुरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ्रस्क्क पर्वेंद्र भारती ने बताया की जिले के पुलिस अधीक्षक ने आगामी दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता, आसूचना संकलन और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, संलिप्त अपराधी की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया है। इसी क्रम में सोमवार को सदर थानाध्यक्ष विमलेन्दु कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मधेपुरा रेलवे रैक प्वाइंट पर 5-6 अपराधी इक_ा होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में एक टीम का गठन किया। गठित टीम में सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विमलेन्दु कुमार, पीएसआई संतोष कुमार सिंह, सिपाही सोमू कुमार, सिपुल कुमार, संतोष कुमार यादव, रवि रंजन कुमार, नीरज कुमार को शामिल किया गया। गठित टीम ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर सुपौल के छातापुर निवासी सहदेव शर्मा के बेटे अरुण शर्मा, सहरसा के हटियागाछी निवासी संतोष स्वर्णकार के बेटे उमेश कुमार एवं मधेपुरा के मस्जिद चौक निवासी मो.अनवर के बेटे मो. कमरान को गिरफ्तार किया। जबकि तीन अन्य बदमाश भागने में सफल हो गया। पकड़ाए अपराधियों के पास से पुलिस ने दो कट्टा, दो गोली एवं एक तेज धारदार चाकू बरामद किया है। एएसपी ने बताया कि पकड़ाए तीनों बदमाशों से पूछताछ करने पर इन लोगों ने हथियार दिखाकर लूटपाट करने एवं शहर में बीते माह कई चेन छिनतई की घटना करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी आपराधिक घटना को अंजाम दिया जा चुका है। तीनों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

## यूपी में मखाना की खेती को प्रोत्साहन देगी योगी सरकार, प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए का अनुदान

**गोरखपुर । आरएनएस**



उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत मखाना की खेती करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। यह कदम विशेष रूप से पूर्वांचल के उन क्षेत्रों के लिए है, जहां की जलवायु बिहार के मिथिलांचल के समान है, जो मखाना की खेती के लिए उपयुक्त मानी जाती है।

देवरिया जिले में गत वर्ष से मखाना की खेती का प्रयोग शुरू हो चुका है। इस साल गोरखपुर, कुशीनगर और महाराजगंज जिलों में 33 हेक्टेयर मखाना की खेती करने का लक्ष्य रखा गया है।

वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, गोरखपुर मंडल की जलवायु मखाना उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है। मखाना की खेती उन क्षेत्रों में अधिक फायदेमंद होती है, जहां खेतों में जलभराव की स्थिति होती है।

गोरखपुर मंडल में तालाबों की अच्छी संख्या और लो लैंड एरिया में बारिश का पानी काफी समय तक भरा रहता है, जिससे यहां के किसान मखाना की खेती से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

सरकार ने मखाना की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है। एक हेक्टेयर में मखाना की खेती करने में लगभग एक लाख रुपए की लागत आती है, जिससे अनुदान की राशि किसानों की लागत का 40 प्रतिशत कवर करेगी। एक हेक्टेयर में मखाना की औसत पैदावार 25 से 29 क्विंटल होती है और वर्तमान में इसकी कीमत एक हजार रुपए प्रति किलो है।

मखाना की खेती तालाब या औसतन तीन फीट पानी भरे खेत में होती है। मखाना की नर्सरी नवंबर में लगाई जाती है और इसकी रोपाई चार महीने बाद फरवरी-मार्च में होती है।

रोपाई के लगभग पांच महीने बाद पौधों में फूल लगने लगते हैं और अक्टूबर-नवंबर में कटाई शुरू होती है। नर्सरी से लेकर कटाई तक लगभग दस महीने का समय लगता है। यह खेती विशेष रूप से उन किसानों के लिए लाभकारी है, जो पहले से ही अपने तालाबों में मछली पालन कर रहे हैं।

मखाना को पोषक तत्वों के खजाने के रूप में जाना जाता है। यह सुपर फूड भी है। कोरोना के बाद स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ी है, जिसके चलते मखाना की मांग में तेजी आई है।

इसकी लो कैलोरी, प्रोटीन, फास्फोरस, फाइबर, आयरन और कैल्शियम की उच्च मात्रा एक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प बनाती है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ-साथ हृदय, उच्च रक्तचाप और मधुमेह नियंत्रण में मददगार होती है।